# छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने लगाई आग

## इलाज के लिए बीएमसी में कराया गया भर्ती, दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. जिले के खुरई में छेड़छाड़ से परेशान कक्षा नौवीं की दलित वर्ग छात्रा ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली. उसको इलाज के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कालेज सागर में भर्ती कराया गया है.**

डॉक्टर के अनुसार लड़की 35 से 40 फीसदी झुलसी है. छात्रा के पिता ने बताया कि बेटी मालथौन के सरकारी स्कूल में नौवीं क्लास में पढ़ती है, वह रोज बस से आना-जाना करती थी. 6 किमी दूर दूसरे गांव में रहने वाला एक लड़का भी उसी स्कूल में पढ़ता था. वह भी बस से आता-जाता था, लेकिन तीन महीने से वह बेटी को परेशान कर रहा था, आए दिन फोन कॉल करता था. एक बार उसे समझाया कि वह ऐसी हरकत न करे, लेकिन वह नहीं माना, इसके बाद थाने में शिकायत की. पिता के मुताबिक, शिकायत दर्ज कराने के बाद जब वह बेटी के साथ घर लौटे तो आरोपी अपने तीन साथियों के साथ उनके घर के सामने खड़ा था, चारों ने गालियां देना शुरू कर दीं, विरोध करने पर लात-घूंसों से पीटने लगे. घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए.

घटना 5 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे मालथौन थाना इलाके की है. थाना प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है.

चारों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं. पिता के अनुसार, यह देख बेटी डर गई, वह घर के अंदर गई. उसने डीजल अपने ऊपर डालकर आग लगा ली. चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन अंदर पहुंचे, चादर से आग बुझाई, तब तक उसकी गर्दन, छाती का दाहिना हिस्सा और दोनों हाथ आदि झुलस चुके थे. परिजनों ने डायल 112 और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालथौन ले जाया गया, वहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सागर रेफर कर दिया गया. पुलिस के अनुसार पीड़ित लड़की का कहना है कि गांव के लड़के कपिल लोधी और उसके साथी रास्ते में बात करते थे और बात करने के लिए कहते थे. मेने अपने पिता को यह बात बताई। पिता ने पुलिस में शिकायत की तो उन लड़कों ने पिता से मारपीट की, इससे घबराकर मैने आग लगाई. इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या एक नाबालिग लड़की ने आग लगा ली है, उसके पिता से मारपीट भी की गई है. पिता की पिटाई से घबराकर आग लगाई है. पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, उन्होंने कहा कि लड़की से छेड़छाड़ का आवेदन की जांच भी कराई जा रही है. पीड़ित लड़की ने अपने बयान में छेड़खानी से परेशान होने की बात कही है, पुलिस इसके आधार पर जांच कर कार्रवाई कर रही है.

## ननि ने किया जुर्माना

**सागर.** प्राइवेट बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सड़क पर पड़े कचरे के ढेर से कचरा फेकने वाले की पहचान कराई, कचरा खुद बोलेगा मैं किसका हूँ अभियान के तहत पहचान करने पर पाया गया की उक्त कचरा मोबाईल पर लगने वाली स्क्रीनगार्ड की पेकिंग सहित अन्य मोबाईल ऐसेसरीज का कचरा था. नजदीक में मोबाईल दुकान थी उक्त दुकान संचालक से बात करने पर उसने कचरा खुले में डालना स्वीकार किया. दुकानदार पर एक हजार का जुर्माना किया गया. उल्लेखनीय है कि सफाई व्यवस्था को चाकचौबंद बनाने का एक प्रयास किया गया है इसके तहत शहर में नित्य प्रतिदिन सड़क पर, नाले नालियों में या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मिलने वाले कचरे के ढेर से कचरा फेकने वाले की पहचान कर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है.

# फोर लेन में भू-अर्जन का कार्य शीघ्रता से करें

## कलेक्टर ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. सागर-दमोह फोर लेन के कार्य में भू-अर्जन का कार्य शीघ्रता से करें एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में सभी निर्माण विभाग पर्याप्त प्रबंध करें. उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए.**

कलेक्टर ने अन्य सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर-दमोह फोर लेन सड़क के कार्य में किए जाने वाले भू-अर्जन एवं वन विभाग की अनापत्ति का कार्य स्वीकृति से करें, जिससे कि निर्माण एजेंसी नियुक्त की जा सके और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके. उन्होंने कहा कि यह सड़क शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके बनने से जबलपुर तक का रास्ता आसान होगा और समय की बचत होगी. उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सागर-रहली-तेंदूखेड़ा सड़क पर क्षतिग्रस्त पुल का कार्य भी शीघ्रता से करें. विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त पुल की निर्माण एजेंसी निर्धारित हो गई है तथा कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा. सागर-दमोह फोर लेन सड़क की अनुमति मंत्रिपरिषद की बैठक के निर्णय प्राप्त हुई थी. सागर-दमोह मार्ग (लंबाई 76.680 किमी) का 4-लेन (पेव्ड शोल्डर सहित) हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल एचएएम के अंतर्गत उन्नयन एवं निर्माण हेतु परियोजना की वित्तीय लागत रुपये 2059.85 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई. लागत का 40 प्रतिशत हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल एचएएम के अंतर्गत मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा राज्य राजमार्ग निधि से जीएसटी सहित वहन किया जाएगा. शेष 60 प्रतिशत राशि का प्रावधान संचालन अवधि में 15 वर्षों तक छमाही एन्यूटी के रूप में राज्य बजट के माध्यम से किया जाएगा.

# मध्यांचल अलंकरण समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. दिगंबर जैन महिला महासमिति मध्यांचल का अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह उज्जैन में हुआ.**

आयोजन में सागर से रेखा जैन अहिंसा एवं संध्या सिंघई के नेतृत्व में महिलाएं सम्मिलित हुई. सागर संभाग के लिए उत्कृष्ट बैनर प्रदर्शन एवं स्क्रैप बुक प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में श्रीमती मीना चौधरी, आत्म ज्योति जैन, संध्या सिंघई, सीमा महावीर, मंजू बम्होरी, अरुणा सुमन ताजपुर, शोभा डीके, रिया, मीना खमकुआ,अलका जैन, अनीता, सीमा, सरोज, रश्मि, शोभना (कोषाध्यक्ष), प्रियंका मोदी, प्रिंसी, निशा, सपना, सुनीता आदि बहनों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया.

## कल बंद रहेगी सप्लाई

**सागर.** नगर निगम द्वारा राजघाट जल शोधन संयंत्र पर नवीन मोटर स्थापना का कार्य किया जा रहा है इसलिए 09 अप्रैल गुरुवार को राजघाट से होने वाली पेयजल की सप्लाई बंद रहेगी. जिन स्थानों पर पेयजल सप्लाई 09 तारीख को की जाना है वहां पर पेयजल सप्लाई 10 तारीख को एवं 10 तारीख की पेयजल सप्लाई 11 अप्रैल को की जावेगी. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जलप्रदाय शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मोटर स्थापना कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें तथा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें जिससे नागरिकों को कोई असुविधा न हो.

# सिविल-मिलिट्री समन्वय सम्मेलन आयोजित




नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. शाहबाज डिवीजन द्वारा सिविल-मिलिट्री समन्वय सम्मेलन आयोजित किया गया.**

सम्मेलन की सह-अध्यक्षता मेजर जनरल अनिंद्य चौधरी, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, शाहबाज़ डिवीजन तथा सांसद श्रीमती लता वानखेड़े द्वारा की गई. मेजर जनरल अनिंद्य चौधरी ने उभरती सुरक्षा चुनौतियों एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं से निपटने हेतु सतत सिविल-मिलिट्री सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया. सम्मेलन के दौरान छावनी क्षेत्र की परिधि सुरक्षा, आसपास के क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम, भूमि प्रबंधन से संबंधित मुद्दे तथा सैनिकों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए नागरिक सुविधाओं के उन्नयन जैसे विषयों पर विचार किया गया. समापन में बताया गया कि इस प्रकार की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे सिविल-मिलिट्री सहयोग की संरचना और अधिक सुदृढ़ हो सके. यह पहल विकास सुनिश्चित करने हेतु समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करती है.

# सम्मान समारोह आयोजित हुआ



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. हरिवल्लभ सिलाकारी की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ.**

आयोजन रवींद्र सिलाकारी द्वारा किया गया. समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन, डॉ. जी.एस. चौबे, डॉ. राजेंद्र चौउदा, डॉ. अनिल खरे, अजय दुबे उपस्थित रहे.

सभी वक्ताओं ने पं. सिलाकारी के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया.

# पुलिस चौकी के पास राम जानकी मंदिर में चोरी

नवभारत न्यूज

**बीना 7 अप्रैल. छोटी बजरिया स्थित पुलिस चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित राम जानकी मंदिर में चोरी हो गई. बीना में चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया.**

जानकारी के अनुसार सुबह जब मंदिर के पुजारी पंडित प्रेम नारायण शास्त्री ने बताया कि विगत 30 वर्षों से भगवान की सेवा करने के बाद भगवान को विश्राम करने के लिए सुला दिया गया. जब मैंने मंदिर का गेट खोला और जल भरने के लिए मोटर चलाने के लिए गए तो देखा कि दरबार की चैनल गेट खुले हुए हैं, दान पेटी भी टूटी हुई है, शंका हुई की तेज आंधी से तो यह नहीं टूटने वाली एवं सभी दरबार के गेट खुले हुए हैं. मैंने पहले हनुमान जी के मंदिर को देखा तो हनुमान जी का छत्र गायब था. इसी तरह सभी दरबार से मिलाकर कुल 9 छत्र एवं राम लक्ष्मण जी के चांदी के धनुष बाण चोरी कर ले गए.

तत्काल कमेटी के सदस्यों को सूचना दी और उसके बाद सभी एकत्रित होकर पुलिस चौकी गए पुलिस तत्काल साथ में आई मंदिर परिसर के पास पहुंचकर गेट का ताला लगा दिया और शीघ्र जांच करने की बात कही.

प्रश्न यह उठता है कि लगातार बीना में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में चिंता व्याप्त हो रही है. कभी मोटरसाइकिल चोरी होती हैं तो कभी कृषि उपज मंडी कमेटी से लोगों के रूपयों से भरे वेग गायब किंतु पुलिस ने अभी तक किसी भी चोरी को पकड़ने में कामयाबी हासिल नहीं की जिसके चलते लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है. अब देखना यह है की इस चोरी के मामले में भी पुलिस को क्या सफलता मिल पाएगी या फिर हर चोरी की तरह इसमें भी नाकामयाबी. मामले की गंभीरता और चोरी गए सामान की कीमत को देखते हुए बीना पुलिस ने सागर से एफएसएल टीम को बुलाया है.

# ग्रामीण मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



नवभारत न्यूज

**रहली 7 अप्रैल. भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम छिरारी मे मंडल स्तर पर आयोजन संपन्न हुआ.**

इसके उपरांत पार्टी का ध्वज फहराकर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक कोतू, पूर्व जनपद सदस्य कमलेश तिवारी, सरपंच राममिलन पटैल, पूर्व सरपंच चक्रेश जैन ने भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष रोहित, नंदराम नेता, महेन्द्र दुबे, पीताम्बर पटेल , उपसरपंच भरत सेन, मिलन यादव लक्ष्मी परिहार आदि मौजूद थे.

# भाजपा की मजबूती का आधार समर्पित कार्यकर्ता




नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. भाजपा नींव के पत्थर संघ द्वारा भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया.**

भाजपा के विभिन्न क्षेत्रों में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, संघ के अध्यक्ष रामकुमार साहू द्वारा किया गया. अध्यक्षता मुन्ना रावत ने की. मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवतार पांडे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी उपस्थित रहे. मुख्य वक्ता वरिष्ठ नेता रूप सिंह यादव ने भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के संघर्ष, अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके अनुभवों से नई पीढ़ी को सीख लेनी चाहिए. श्री तिवारी ने कहा कि उनके कार्य में कहीं कोई कमी दिखाई दे तो वरिष्ठ कार्यकर्ता अवश्य सुझाव दें. इस इस दौरान एड. कृष्णवीर सिंह ठाकुर, गोविंद जड़िया, महेंद्र गुप्ता, अवधेश बिलैया, दीपक भंडारी एवं श्रीमती सुधा शर्मा का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में नारायण प्रसाद कबीरपंथी, प्रदीप पाठक, पंकज मुखारया, सुंदरलाल बचकैया, द्वारका भट्ट मौजूद थे.



# एआईएमआईएम ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM )के जिला प्रभारी जाहिद मंसूरी के नेतृत्व में निगमायुक्त के नाम उपायुक्त एसएस बघेल को ज्ञापन सौंपा है.**

ज्ञापन में बताया गया कि भगतसिंह वार्ड, तुलसीनगर वार्ड (मोमिनपुरा) और गुरु गोविंद सिंह वार्ड सहित कई क्षेत्रों में सड़क, नालियों, चौक, स्ट्रीट लाइट और पुल की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र की सड़कों पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है. वहीं, नालियों के जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे क्षेत्र में बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है. क्षेत्र में कई जगह स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं या बिल्कुल नहीं हैं, जिसके कारण रात के समय अंधेरा रहता है. इससे चोरी और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है.

इस दौरान मेहबूब मंसूरी, हाफिज अरबाज, एड. समर कुरैशी, मोहसिन खान, उमर खान, पप्पू मकरानी, अयान पठान, रेहान पठान, फैजान खान, कैफ खान आदि मौजूद थे.

## कथा का आयोजन

**रहली.** जगदीश वार्ड मे स्थित भगवान जगदीश स्वामी मंदिर के पीछे परिसर में श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है उल्लेखनीय की लगभग 300 वर्ष प्राचीन भगवान जगदीश स्वामी का मंदिर 2 वर्ष पहले ही पूर्ण जीर्णोद्धार करके नया रूप दिया गया है, इसके पश्चात इस क्षेत्र में पहली बार भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. सेवानिवृत शिक्षक माधव प्रसाद पटेल ने बताया कि पत्नि स्व. श्रीमती सरोज पटेल की स्मृति में बेटे रत्नेश पटेल एड. एवं गोविंद नारायण पटेल शिक्षक द्वारा इस कथा का आयोजन किया गया है. 8 से 14 अप्रैल तक प्रतिदिन 3:00 बजे से हरि इच्छा तक कथा प्रवचन होगा. जिसमें कथा व्यास ब्रह्मचारी रामदास महाराज का पदार्पण रहली हो रहा है. 8 अप्रैल को मंदिर क्षेत्र से कलश यात्रा निकलेगी.

# डोहेला समृद्ध विरासत-लोकजीवन का प्रतीक



नवभारत न्यूज

**खुरई 7 अप्रैल. डोहेला महोत्सव में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अकासा सिंह ने दर्शकों के आनंद और उत्साह को आसमान पर पहुंचा दिया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद, भाजपा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती लता वानखेड़े ने युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि खुरई के डोहेला महोत्सव की परंपरा को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने पुनर्जीवित कर नई भव्यता प्रदान की है, वे सेवा और लोक कल्याण के नये आयाम खड़े करने वाले संवेदनशील नेता हैं. सांसद ने कहा कि डोहेला किले ने हमारी आस्था और लोकजीवन को सुरक्षित रखा है. 1707 में गौरवशाली दांगी वंश के प्रतापी राजा खेमचंद्र दांगी ने यह क़िला बनवाया था. यह हमारी परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है.

युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि खुरई के प्रसिद्ध डोहेला महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2015 में मकर संक्रांति से हुई थी. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने ऐतिहासिक डोहेला किले का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने के बाद इस सांस्कृतिक आयोजन की परंपरा डाली थी. उन्होंने एक ऐतिहासिक किले की शांति को सांस्कृतिक उत्सव की गूँज में बदल दिया है. डोहेला महोत्सव खुरई की पहचान बन चुका है. उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऐसे महोत्सव युवाओं को अपनी वास्तविक जड़ों और स्थानीय संस्कृति से रूबरू कराने का काम करते हैं और उन्हें अपनी पहचान पर गर्व करना सिखाते हैं.




# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. ग्राम बरारू स्थित काली मंदिर परिसर में संभागीय जिला कुशवाहा क्षत्रिय महासभा द्वारा चैत्र नव वर्ष मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में प्रतिभावान समाजसेवियों एवं वरिष्ठजनों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया. इस दौरान संभागीय अध्यक्ष डॉ. वीरसिंह कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम के दौरान अपनी पहचान के रूप में कुशवाहा उपनाम का उपयोग कर सामाजिक एकरूपता का संदेश देने का विचार भी रखा गया सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष केशव प्रसाद कुशवाहा, डॉ. लखन पटेल, डॉ प्रकाश कुशवाहा, चौधरी पीडी पटेल, चौधरी, जयराम पटेल, डॉ भरत पटेल, एड. माधव पटेल ,एड अर्जुन पटेल उपस्थित रहे.

# श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र में पंचकल्याणक महोत्सव



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 7 अप्रैल. चांदपुर जहाजपुर स्थित श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र में 8 से 13 अप्रैल तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा.**

यह धार्मिक आयोजन जगत पूज्य निर्यापक मुनिश्री सुधासागरजी महाराज ससंध के मंगल सानिध्य में सम्पन्न होगा. महोत्सव की शुरुआत 8 अप्रैल को सुबह मुनिश्री के मंगल प्रवेश से होगी, जो घटयात्रा एवं शोभायात्रा के साथ निकलेगा. कार्यक्रम के तहत ध्वजारोहण, आचार्य निमंत्रण एवं गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक की पूर्व क्रियाएं संपन्न की जाएंगी. प्रतिष्ठाचार्य बा.ब्र.प्रदीप सुयश के निर्देशन में कार्यक्रम संचालित होगा. आयोजन का संयोजन श्रीजैन समाज पंचायत समिति द्वारा किया जा रहा है, जबकि श्रीशांतोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी धौर्रा इसका संचालन कर रही है. महोत्सव का मुख्य आकर्षण 18 फीट ऊंची प्राचीन भगवान शांतिनाथ जी की प्रतिमा एवं 15 फीट की नवीन प्रतिमा की प्रतिष्ठा होगी. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षेत्र कमेटी द्वारा बस सेवा उपलब्ध कराई गई है, जो तीर्थ क्षेत्र एवं जैन अटा मंदिर जी से संचालित होगी.

मीडिया प्रमुख रवि जैन ने बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.

# प्रलेस स्थापना दिवस पर गोष्ठी



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के द्वारा गोष्ठी आयोजित हुई.**

गोष्ठी में प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई के अध्यक्ष टीकाराम त्रिपाठी एवं महासचिव पेट्रिस फुसकेले के द्वारा विचार व्यक्त किए. गोष्ठी के द्वितीय सत्र में रचनाकारों के द्वारा का काव्य पाठ किया गया. जिसमें डॉ अभय सिंह, दीपक राय, एम शरीफ ,मनी देव ठाकुर, ज्योति झुड़ेले, देवेंद्र सिंघई, ममता भूरिया, पुष्पेंद्र दुबे कुमार सागर ,सुमन झुड़ेले,संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, डॉ नम्रता फुसकेले, शशि दीक्षित, मुकेश तिवारी, कविता मलैया मौजूद थीं.

# भारत बोध विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अप्रैल. प्रज्ञा प्रवाह एवं डा हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि के तत्वाधान में महाकौशल विचार मंच के अंतर्गत भारत बोध विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ.**

मुख्य वक्ता के रूप में विनय दीक्षित अखिल भारतीय सहसंयोजक प्रज्ञा प्रवाह, विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह प्रांत संयोजक प्रज्ञा प्रवाह, अध्यक्ष प्रोफेसर वाय एस ठाकुर कुलपति डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर रहे. मुख्य वक्ता विनय दीक्षित अखिल भारतीय सह संयोजक प्रज्ञा प्रवाह ने कहा कि मां के पास कोई डायरी या सिलेबस नहीं होता फिर भी वह अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों के साथ जीवन के अच्छे सबक सिखाने का सामर्थ्य रखती है. संचालन डॉक्टर सर्वेश्वर उपाध्याय विभाग संयोजक विद्या प्रवाह तथा आभार डॉक्टर चंद्रा बेन प्रांत सह प्रमुख महिला आयाम ने किया. कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों के साथ विद्यार्थी भी उपस्थित रहे. विद्या प्रभारी ने समाज में विचारों की प्रभाव के लिए मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापको, श्यामलम संस्था एवं रानी अवंती बाई विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ बैठकर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया.